मेट्रो तीन: सुरंग निर्माण का 25वां चरण पूरा

समय पर परियोजना पूरी करने के लिए कटिबद्ध: आदित्य

महानगर संवाददाता

मुंबई

कुलाबा-बांद्रा और सीप्ज के बीच निर्माणाधीन मेट्रो तीन के लिए टनल निर्माण का 25वां चरण वर्ली स्थित राज्य के पर्यटन और पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मेट्रो कॉरिडोर का काम सात पैकेज में चल रहा है। इसमें से पैकेज तीन के तहत टनल निर्माण का यह पहला चरण था। मेट्रो तीन का पैकेज तीन सबसे लंबा पैकेज है और इसके अंतर्गत मुंबई सेंट्रल, महालक्ष्मी, साइंस म्यूजियम, आचार्य अत्रे चौक और वर्ली स्टेशन शामिल हैं। पैकेज तीन की टनल बोरिंग मशीन तानसा एक साइंस म्यूजियम के उत्तर दिशा से 27 सितंबर 2018 को शुरु की गई थी। कई भौगोलिक चुनौतियों का सामना करते हुए अप लाइन सुरंग का दो हजार 73 मीटर का काम पूरा किया गया। इसमें एक हजार 381 सेगमेंट रिंग्स का उपयोग किया गया। कुल 17 टीबीएम फिलहाल 33.5 किलोमीटर के कॉरिडोर के लिए काम कर रही हैं। यातायात की दृष्टि से कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो कॉरिडोर एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इससे मुंबईकरों की रोजाना यात्रा के दौरान होने वाली परेशानियां कम होंगी। पर्यटन व पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह परियोजना समय पर पूर्ण करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। मेट्रो-3 के काम की प्रगति देखना खुशी की बात है। परियोजना का अभी तक 78 फीसदी सुरंग बनाने और 50 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। ठाकरे ने कहा कि एमएमआरसी ने उत्साह और गति से यह परियोजना का काम जारी रखा है। मुंबई मेट्रो रेलवे कॉर्पोरेशन के व्यवस्थापकीय संचालक रणजीत सिंह देओल ने कहा कि परियोजना का एक और महत्वपूर्ण चरण पूरा होना खुशी की बात है। हमारे इंजीनियरों और विशेषज्ञों की टीम ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा किया है। अब तक उपनगरीय रेलवे द्वारा नहीं जुड़े मुख्य वाणिज्यिक केंद्रों को पैकेज-3 द्वारा जोड़ा जाएगा। मेट्रो तीन बनने पर इस इलाके के नियमित यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मेट्रो कॉरिडोर के पूरे मार्ग पर अप और डाउन दिशा को मिला कर कुल 55 किलोमीटर लंबा भूमिगत मार्ग तैयार किया जा रहा है। पूरे मार्ग में कुल 32 सुरंगें तैयार होनी हैं, जिनमें से 25 सुरंगों की खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है।